आकाशवाणी श्री विजयपुरम

26.06.2025 समय : 1850

- भारत ने आज इतिहास रचते हुए स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान से दोपहर 4 बजे अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से डॉक किया।
- मादक पदार्थ और अवैध तस्करी रोधी अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर राज्य मंत्री बी एल वर्मा ने कहा – अब तक देश भर में करोड़ों लोग नशा मुक्त भारत अभियान से जुड़ चुके है।
- केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सी बी एस ई ने अगले वर्ष से दसवीं की बोर्ड परीक्षा वर्ष में दो बार कराने की घोषणा की।
- जगन्नाथ रथ यात्रा का आयोजन कल से किया जा रहा है।

<><><><><><><>

भारत ने आज उस समय इतिहास रचा, जब स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान दोपहर 4 बजे अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से डॉक किया गया। इस यान के चालक दल के चार सदस्यों में भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला भी शामिल हैं। राकेश शर्मा की उड़ान के बाद अंतरिक्ष में जाने वाले ये दूसरे भारतीय हैं। शुभांशु शुक्ला भोजन और अंतरिक्ष पोषण से संबंधित उन्नत प्रयोग करेंगे। इन प्रयोगों का उद्देश्य भविष्य की लंबी अवधि की अंतरिक्ष यात्रा के लिए महत्वपूर्ण पहलू, लम्बे समय तक चलने वाली जीवन–सहायक प्रणालियों की समझ को बढ़ाना है। शोध में भविष्य के अंतरिक्ष मिशनों के लिए पोषक तत्वों से भरपूर, उच्च क्षमता वाले खाद्य स्रोत, खाद्य सूक्ष्म शैवाल पर सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण और अंतरिक्ष विकिरण के प्रभावों का भी अध्ययन किया जाएगा।

<><><><><><><>

आज मादक पदार्थ और अवैध तस्करी रोधी अंतर्राष्ट्रीय दिवस है। यह दिवस मादक पदार्थ मुक्त अंतर्राष्ट्रीय समाज का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कार्रवाई और सहयोग मजबूत करने का आह्वान करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संदेश में "नशा मुक्त भारत पखवाड़ा" मनाने के लिए मादक पदार्थ नियंत्रण ब्यूरो –एनसीबी की सराहना की। इस अवसर पर नई दिल्ली के डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री बी एल वर्मा ने आज कहा कि अब तक देश भर में 14 करोड़ से अधिक लोग नशा मुक्त भारत अभियान से जुड़ चुके हैं। श्री वर्मा ने कहा कि नशा सिर्फ एक व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे समाज को बर्बाद कर देता है। उन्होंने लोगों से नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ शपथ लेने और रोजमर्रा की जिंदगी में सकारात्मक आदतें अपनाने का आग्रह किया।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में शिक्षा निदेशालय के विज्ञान विंग की ओर से नशा विरोधी कार्यक्रम के तहत छात्र रैली निकाली गई। यह रैली राष्ट्रीय स्मारक सेलुलर जेल से शुरू होकर राज्य पुस्तकालय पर पहुंचकर सम्पन्न हुई। रैली में विभिन्न स्कूलों के 120 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। रैली को सी आई डी पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार मीना ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सप्ताहिक कार्यक्रम के दौरान आज "बच्चों की आवाज़" नामक एक संवादात्मक सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें छात्र, मादक द्रव्य निरोधक पुलिस थाने के अधिकारी और स्वास्थ्य सेवा निदेशालय मनोवैज्ञानिक शामिल हुए। कल 'मूवी डे' कार्यक्रम रहेगा, जिसमें छात्र रैपिंग, रील और मीम–मेकिंग प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। फिल्म बनाने की तकनीकों पर एक विशेष सत्र भी आयोजित किए जाएंगे।

<><><><><><><>

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि हिंदी अन्य भारतीय भाषाओं की सहयोगी भाषा है और हिन्दी को दूसरी भाषाओं की प्रतिद्वंद्वी भाषा नहीं समझा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाषा केवल संचार का माध्यम नहीं है, बल्कि राष्ट्र की आत्मा है। नई दिल्ली में राजभाषा विभाग के स्वर्ण जयंती समारोह में श्री शाह ने भाषाओं को जीवित और समृद्ध बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक कार्य आम बोलचाल की भाषा में किए जाने चाहिए। श्री शाह ने कहा कि जब तक व्यक्ति अपनी भाषा पर गर्व नहीं करेगा, अपनी भाषा में अपनी बात नहीं कहेगा, तब तक वह गुलामी की मानसिकता से मुक्त नहीं हो सकता।

<><><><><><>

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सी बी एस ई ने अगले वर्ष से दसवीं की बोर्ड परीक्षा वर्ष में दो बार कराने की घोषणा की है। नई रूपरेखा के अनुसार पहली परीक्षा फरवरी में होगी, जो सभी विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य होगी। दूसरी परीक्षा मई में होगी जो उन विद्यार्थियों के लिए वैकल्पिक होगी, जो अपना प्रदर्शन बेहतर करना चाहते हैं। सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को विज्ञान, गणित, समाज विज्ञान और भाषाओं में से किसी भी तीन विषय में अपना प्रदर्शन सुधारने की अनुमति होगी। दोनों चरणों के परीक्षा परिणाम क्रमशः अप्रैल और जून में घोषित होंगे। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने इसे जरूरी कदम बताते हुए इसकी सराहना की है। उन्होंने कहा कि इससे परीक्षा का तनाव कम होगा। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति– 2020 की अनुशंसाओं में प्रमुख था।

<><><><><><>

शादीपुर स्थित उत्कल समाज कल जगन्नाथ रथ यात्रा का आयोजन करने जा रहा है। नेत्रोत्सव और नबजौवन दर्शन सुबह नौ बजे, महापूजा, हवन और महाआरती सुबह साढ़े आठ बजे से आरंभ होगी। यह यात्रा राजस्थान मंदिर से दोपहर दो बजे आरंभ होगी और शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए उत्कल समाज वापस आएगी।

जगन्नाथ यात्रा की वापसी यानी बहुदा यात्रा उत्कल समाज से पांच जुलाई को दोपहर दो बजे शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए राजस्थान मंदिर में आकर सम्पन्न होगी। छेरा पहरा सांसद बिष्णु पद रे के द्वारा किया जाएगा।

उधर, श्री श्री हरिनाम सेवा संघ की ओर से भी कल दोपहर ढाई बजे जोड़ा कलान से रथ यात्रा शुरू होकर भातुबस्ती के राधेश्याम मंदिर में सम्पन्न होगी। इस सिलसिले में चार जुलाई तक राथेर मेला, नाम–संकीर्तन जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वापसी यात्रा पांच जुलाई को साढ़े चार बजे से राधेश्याम मंदिर से शुरू होकर जोड़ा कलान के श्री श्री राधागोविन्द मंदिर में सम्पन्न होगी।

<><><><><><>

डॉ. बी.आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा संचालित खाद्य उत्पादन और फ्रंट ऑफिस ऑपरेशन में ट्रेड डिप्लोमा पाठ्यक्रम में इस वर्ष दाखिला स्थगित किया गया है। डेढ़ वर्षीय अवधि के इस पाठ्यक्रम को प्रशासनिक कारणों से निलंबित कर दिया गया है।

<><><><><><>

होमगार्ड स्वयंसेवकों के चयन के लिए शारीरिक शिक्षा परीक्षा के कारण, मरीना पार्क रोड से धर्मशाला तक का मार्ग 30 जून तक सुबह पांच बजे से शाम पांच बजे के बीच बंद रहेगा। इस दौरान इस सड़क मार्ग का उपयोग करने वाले वाहनों को अन्य मार्ग से भेजा जाएगा।

<><><><><><>